an>

Title: Need to provide free passes for Delhi Police and Delhi Transport Corporation officials in Delhi Metro Rail.

श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा (पश्चिमी दिल्ली):अध्यक्ष महोदया, मैं सबसे पहले आपके संयम की दाद देता हूं कि इतने शोर-शराबे के बीच में भी आपने सभी सदस्यों को शून्यकाल में अपनी बात रखने का मौका दिया। …(व्यवधान) मेरा नम्बर भी चार बार आया है लेकिन आज शून्यकाल में हमें बोलने का मौका दिया जा रहा है। ये सभी सदस्य गैर-जिम्मेदार ढंग से चिल्लाते हैं, …(व्यवधान) जिन्हें इनकी जनता चुन कर भेजती है, मगर ये लोग उनकी आवाज उठाने के बजाए ये सदन की कार्रवाई को डिस्ट्रब करते हैं।

मैं आपका ध्यान बहुत ही महत्पूर्ण विषय पर दिलाना चाहता हूं। आज दिल्ली मैट्रो दिल्ली की धड़कन बन चुकी है। यहां तक कि हमारे प्रधानमंत्री जी और कई केन्द्रीय मंत्री भी कभी दिल्ली के कार्यक्रम में जाते हैं तो दिल्ली मैट्रो का उपयोग करते हैं। …(व्यवधान) दिल्ली की परिवहन व्यवस्था के बारे में हम सभी को मालूम है, वह खराब होती जा रही है। दिल्ली के दो विभाग दिल्ली पुलिस और डीटीसी को दिल्ली की परिवहन व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। माननीय गृह मंत्री जी यहां बैठे हैं। …(व्यवधान) भारत सरकार और दिल्ली सरकार जिनका दिल्ली मैट्रो में 50:50 की पार्टनरशिप है। …(व्यवधान) मैं कहना चाहता हूं कि दिल्ली पुलिस और डीटीसी के सारे कर्मचारियों को दिल्ली मैट्रो में फ्री पास दिया जाए ताकि दिल्ली मैट्रो में दिल्ली पुलिस वाले घुमेंगे तो इससे दिल्ली मैट्रो में सुरक्षा भी बढ़ेगी। बहुत-बहुत धन्यवाद। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।